सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
# प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-380
05/09/2016

# मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित राज्य वानिकी प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन किया

पटना, 05 सितम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गया शहर के निकट कोसडिहरा, कैंट एरिया में नवनिर्मित राज्य वानिकी प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण कर किया। उद्घाटन के पश्चात इस संस्थान में मुख्यमंत्री ने वनरक्षी प्रशिक्षण सत्र 05–10 सितम्बर में उपस्थित प्रशिक्षु वनरक्षियों को शिक्षक की भूमिका में संबोधित किया। उन्होने कहा कि राज्य के विभाजन के बाद वनरक्षी एवं वनपाल के प्रशिक्षण हेतु कोई संस्थान नही था, जिसके कारण वर्श 2000 से अभी तक राज्य के वनरक्षी एवं वनपालों के प्रशिक्षण मे कठिनाई हो रही थी। इस संस्थान के बन जाने से यह समस्या दूर हो गयी है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को वन एव पर्यावरण के महत्व को समझाया। बिहार में वन की आवश्यकता, वन के संरक्षण एवं पर्यावरण की चिंता से अवगत कराते हुए पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने की निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु भारत सरकार के जापान इन्टरनेशनल कारपोरेशन एजेंसी (Jica) से एक समझौता के तहत लोन लेकर देश भर के विभिन्न राज्यों में वन प्रशिक्षण विद्यालयों के सुदृढीकरण, निर्माण, पाठ्यक्रम तैयार करना तथा जन सहयोग से वनों की सुरक्षा हेतु प्रशिक्षित वनकर्मियों की योजना बनाई है, जिसका नाम **Capacity development for forest management and training of personnel** है। इस प्रशिक्षण संस्थान में नई तकनीकों एवं वन प्रबंधन, सूचना तंत्र का वनरक्षी एवं वनपालों को व्यवसायिक प्रशिक्षण देने के साथ–साथ अल्प अवधि के प्रशिक्षण भी दिये जायेंगे। एक पाली में 80 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने की क्षमता है। प्रशिक्षण संस्थान में 3 लेक्चर हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल, कम्प्यूटर लैब तथा एक्सपेरीमेन्ट लैब, चालीस कमरो का हॉस्टल, मेस, जिम्नेजियम, इनडोर एवं आउटडोर गेम्स की सुविधा उपलब्ध है। प्रशिक्षण के लिए निदेशक एवं अन्य पदाधिकारियो तथा कर्मचारियों के लिए आवास की व्यवस्था परिसर के अंदर की गई है।

प्रशिक्षण सत्र को प्रधान सचिव वन एवं पर्यावरण श्री विवेक कुमार सिह ने सबोधित किया। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री तेज प्रताप यादव, जिला प्रभारी मंत्री कृष्णनंदन प्रसाद सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, आयुक्त मगध प्रमंडल, पुलिस उपमहानिरीक्षक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक सहित वन विभाग एवं जिला प्रशासन के अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******